प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे पत्र में चम्पाई सोरेन ने कहा है कि पार्टी की कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया है। उनके इस्तीफा देने के बाद झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। चंपाई सोरेन कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।

****

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा जमशेदपुर–पुरुलिया–आसनसोल तीसरी रेल लाइन को मंजूरी देने के फैसले का झारखंडवासियों ने स्वागत किया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है।

इधर चैम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी अनिल मोदी ने कहा है कि इस रेल लाइन के निर्माण से जमशेदपुर में व्यवसायिक और सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक में राज्य कर्मियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। बैठक में राज्य के अग्निवीरों के लिए भी बड़ी राहत की घोषणा की जा सकती है।

****

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी को स्वैच्छिक आधार पर उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार आधारित सत्यापन की अनुमति दे दी है। पंजीकरण के समय और परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान यह सत्यापन किया जा सकता है।

****

गढ़वा जिले में सोन नदी का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। उत्तर प्रदेश स्थित रिहंद बांध में जलस्तर बढ़ने की वजह से बांध के 13 फाटक खोल दिए गए है। फाटक खोले जाने की वजह से सोन नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से नदी के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

****

सिमडेगा जिले में पुलिस चोरी किये गये मोबाईल को बरामद कर लोगों को वापस लौटा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि खेलों को समर्थन देने और अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

इधर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है।

मौसम विभाग ने राजधानी समेत कोल्हान के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में आज भारी बारिश की संभावना जताई है।

**********समाप्त**********